भारत सरकार
रेल मंत्रालय

लोक सभा
25.03.2026 के
तारांकित प्रश्न सं. 476 का उत्तर

मध्य रेलवे के लोको पायलटों द्वारा बड़े पैमाने पर स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति संबंधी आवेदन

***476. श्री अरविंद गणपत सावंतः**

क्या रेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या मध्य रेलवे के मुंबई मंडल के कुछ लोको पायलटों (मेल) ने हाल ही में स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति के लिए एक संयुक्त आवेदन प्रस्तुत किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार को इन पायलटों द्वारा की गई विशिष्ट शिकायतों की जानकारी है जिनमें असहनीय मानसिक और शारीरिक तनाव, प्रशासनिक उत्पीड़न और कार्य का असंवेदनशील माहौल शामिल है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या इन कार्मिकों को उपलब्ध कराई जाने वाली 'लॉबी', 'ट्रिप शेड' और 'रनिंग रूम' में निम्न स्तर के भोजन, साफ-सफाई और मूलभूत सुविधाओं की कमी की जानकारी मिली है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या लोको पायलटों में पर्याप्त आराम की कमी और काम और जीवन के बीच बिगड़ते संतुलन के कारण रेल सुरक्षा प्रभावित हो रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ङ) वरिष्ठ अधिकारियों को पूर्व में मौखिक और लिखित अभ्यावेदन दिए जाने के बावजूद इन समस्याओं का समाधान नहीं होने के क्या कारण हैं जिसके परिणामस्वरूप सामूहिक रूप से त्यागपत्र दिए जाने की यह स्थिति उत्पन्न हुई है; और

(च) क्या सरकार ने उनकी शिकायतों का समाधान करने के लिए पहल की है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

रेल, सूचना और प्रसारण एवं इलेक्ट्रोनिकी और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री

(श्री अश्विनी वैष्णव)

(क) से (च): विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

****

दिनांक 25.03.2026 को लोक सभा के तारांकित प्रश्न सं. 476 के भाग (क) से (च) के उत्तर से संबंधित विवरण।

(क) से (च): लोको पायलट भारतीय रेल परिवार के महत्वपूर्ण सदस्य हैं जो यात्री और माल यातायात को सुरक्षित और प्रभावी तरीके से संचालित करने में केंद्रीय भूमिका निभाते हैं। भारतीय रेल लोको पायलटों के लिए उचित कार्य परिस्थितियों को सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है।

सहायक लोको पायलटों की रिक्त पदों को भरने का ब्यौरा इस प्रकार है:

वर्ष	सहायक लोको पायलटों के पदों के लिए भर्ती के संबंध में विवरण
2024	18,799 रिक्तियों की अधिसूचना जारी की गई। चयन प्रक्रिया पहले ही पूरी की जा चुकी है और वर्तमान तिथि तक 15,873 उम्मीदवारों को पैनलबद्ध किया जा चुका है।
2025	9,970 रिक्तियों की अधिसूचना जारी की गई; प्रथम चरण की कंप्यूटर आधारित परीक्षाएं (सीबीटी) पूरी हो चुकी हैं।
2026	11,127 रिक्तियों की अधिसूचना जारी की गई।

भारतीय रेल में वर्ष 2004-2005 से 2013-14 की तुलना में 2014-2015 से 2025-2026 के दौरान की गई भर्तियों का ब्यौरा निम्नानुसार है:-

अवधि	भर्तियां
2004-2005 से 2013-2014	4.11 लाख
2014-2015 से 2024-2025	5.08 लाख
2025-26 - वर्तमान तिथि तक	43,230

भारतीय रेल के आकार, स्थानिक वितरण और परिचालन महत्व को ध्यान में रखते हुए पदों का रिक्त होना और उन्हें भरा जाना एक सतत् प्रक्रिया है। नियमित परिचालन, प्रौद्योगिकीय परिवर्तनों, यंत्रीकरण और नवोन्मेषी पद्धतियों की आवश्यकता को पूरा करने के लिए पर्याप्त और उपयुक्त जनशक्ति मुहैया कराई जाती है। रेलवे द्वारा इन रिक्तियों को मुख्यतः परिचालनिक और प्रौद्योगिकीय संबंधी आवश्यकताओं के अनुसार भर्ती एजेन्सियों को मांग पत्र भेजकर भरा जाता है।

रेलवे भर्ती बोर्ड की परीक्षाएं काफी तकनीकी प्रकृति की होती हैं, जिनमें बड़े पैमाने पर कर्मियों और संसाधनों को जुटाने तथा जनशक्ति के प्रशिक्षण की आवश्यकता होती है। रेलवे ने इन सभी चुनौतियों का सामना किया और सभी निर्धारित दिशानिर्देशों का पालन करते हुए पारदर्शी तरीके से भर्ती का सफलतापूर्वक संचालन किया। पूरी प्रक्रिया के दौरान पेपर लीक होने या इसी तरह के कदाचार की कोई घटना सामने नहीं आई है।

इसके अलावा, प्रणालीगत सुधार के तौर पर, रेल मंत्रालय ने समूह 'ग' पदों की विभिन्न कोटियों में भर्ती के लिए वर्ष 2024 से वार्षिक कैलेंडर प्रकाशित करने की एक प्रणाली शुरू की है। वार्षिक कैलेंडर शुरू होने से अभ्यर्थी निम्नानुसार लाभान्वित हो रहे हैं:

- अभ्यर्थियों के लिए अधिक अवसर;
- प्रति वर्ष योग्यता प्राप्त करने वालों को अवसर;
- परीक्षाओं की निश्चितता;
- भर्ती प्रक्रिया, प्रशिक्षण और नियुक्तियों में तेज़ी।

वर्तमान में, भारतीय रेल में वार्षिक कैलेंडर 2024, 2025 और 2026 के अनुसार अराजपत्रित कार्मिकों की 1,54,213 रिक्तियों के तहत भर्ती शुरू की गई है।

सहायक लोको पायलटों (एएलपी), तकनीशियनों, रेलवे सुरक्षा बल (रे.सु.ब.) में उप-निरीक्षक और कांस्टेबल, जूनियर इंजीनियर (जेई)/डिपो सामग्री अधीक्षक (डीएमएस)/रसायन एवं धातुकर्म सहायक (सीएमए), पैरामेडिकल कोटियों, गैर-तकनीकी लोकप्रिय कोटियों (स्नातक), गैर-तकनीकी लोकप्रिय कोटियों (पूर्व-स्नातक), अनुसचिवीय एवं पृथक कोटियों और लेवल-1 कोटियों जैसे सहायक, ट्रैक मेंटेनर और पॉइंट्समैन के पदों को भरने के लिए जनवरी से दिसम्बर 2024 के दौरान 92,116 रिक्तियों के लिए दस केंद्रीकृत रोजगार अधिसूचनाएं (सीईएन) अधिसूचित की गई थीं।

92,116 पदों के लिए प्रथम/एकल चरण की कंप्यूटर आधारित परीक्षाएं (सीबीटी) पूरी की जा चुकी है। इनका ब्यौरा निम्नानुसार हैः-

परीक्षा	अभ्यर्थी	शहर	भाषाएं
सहायक लोको पायलट के पद (18,799 रिक्तियां) हेतु प्रथम चरण सीबीटी	18,40,347	156	15
तकनीशियन के पद (14,298 रिक्तियां) हेतु सीबीटी	26,99,892	139	15
जेई/डीएमएस/सीएमए के पद (7,951 रिक्तियां) हेतु प्रथम चरण सीबीटी	11,01,266	146	15
रे.सु.ब.- एस.आई के पद (452 रिक्तियां) हेतु सीबीटी	15,35,635	143	15
रे.सु.ब. - कांस्टेबल के पद (4,208 रिक्तियां) हेतु सीबीटी	45,30,288	147	15
पैरामेडिकल कोटियों (1,376 रिक्तियां) हेतु सीबीटी	7,08,321	143	15
गैर-तकनीकी लोकप्रिय कोटियों (स्नातक) (8,113 रिक्तियां) हेतु प्रथम चरण सीबीटी	58,41,774	141	15
गैर-तकनीकी लोकप्रिय कोटियां (पूर्व-स्नातक) (3,445 रिक्तियां) हेतु प्रथम चरण सीबीटी	63,27,473	157	15
अनुसचिवीय एवं पृथक कोटियों हेतु सीबीटी (1,036 रिक्तियां)	4,46,013	139	15
लेवल-1 पदों हेतु सीबीटी (32,438 रिक्तियां)	1,08,28,261	152	15
कुल अभ्यर्थी	3,58,59,270		

सहायक लोको पायलट, जेई/डीएमएस/सीएमए और गैर-तकनीकी लोकप्रिय कोटियों (स्नातक एवं स्नातक-पूर्व) के पदों के लिए द्वितीय चरण की कंप्यूटर आधारित परीक्षा (सीबीटी) भी पूरी कर ली गई है। इनका ब्यौरा इस प्रकार है:-

परीक्षा	अभ्यर्थी	शहर	भाषाएं
सहायक लोको पायलट के पद (18,799 रिक्तियां) हेतु द्वितीय चरण सीबीटी	2,66,363	112	15
जेई/डीएमएस/सीएमए के पद (7,951 रिक्तियां) हेतु द्वितीय चरण सीबीटी	1,17,339	118	15
गैर-तकनीकी लोकप्रिय कोटियां (स्नातक) (8113 रिक्तियां) हेतु द्वितीय चरण सीबीटी	1,21,931	129	15
गैर-तकनीकी लोकप्रिय कोटियां (स्नातक-पूर्व) (3,445 रिक्तियां) हेतु द्वितीय चरण सीबीटी	51,978	79	15
कुल अभ्यर्थी	5,57,611		

सहायक लोको पायलट और गैर-तकनीकी लोकप्रिय कोटियों (स्नातक) के पदों के लिए कंप्यूटर आधारित योग्यता परीक्षा और गैर-तकनीकी लोकप्रिय कोटियों (स्नातक और पूर्व-स्नातक) और अनुसचिवीय एवं पृथक कोटियों के पदों के लिए कंप्यूटर आधारित दक्षता परीक्षा भी पूरी की जा चुकी है। विवरण निम्नानुसार है:-

परीक्षा	अभ्यर्थी	शहर	भाषाएं
सहायक लोको पायलट के पद हेतु कंप्यूटर आधारित योग्यता परीक्षा	1,32,044	84	2
अनुसचिवीय एवं पृथक कोटियों के लिए अनुवाद परीक्षा	1,233	8	2
गैर-तकनीकी लोकप्रिय कोटियों (स्नातक) के लिए कंप्यूटर आधारित योग्यता परीक्षा	13,616	38	2
गैर-तकनीकी लोकप्रिय कोटियों (स्नातक स्तर) के लिए कंप्यूटर आधारित टंकण दक्षता परीक्षा	30,341	58	2
गैर-तकनीकी लोकप्रिय कोटियों (पूर्व-स्नातक) के लिए कंप्यूटर आधारित टंकण दक्षता परीक्षा	13,145	44	2
कुल अभ्यर्थी	1,90,379		

42,000 से अधिक अभ्यर्थियों के लिए पैनल, जिसमें तकनीशियन, जूनियर इंजीनियर, पैरा मेडिकल कोटियों, उप-निरीक्षक एवं कांस्टेबल (आरपीएफ) और सहायक लोको पायलट के विभिन्न पद शामिल हैं, को अंतिम रूप दिया गया है। इनमें से अधिकांश संरक्षा कोटियों की हैं।

इसके अतिरिक्त, वर्ष 2025 के वार्षिक कैलेंडर के अनुसार, 50,970 रिक्तियों के लिए नौ केंद्रीकृत रोजगार अधिसूचनाएँ भी जारी की गई हैं। जिनका ब्यौरा निम्नानुसार है:-

केंद्रीकृत रोजगार अधिसूचना संख्या	पद का नाम	अधिसूचित की गई रिक्तियों की संख्या	अधिसूचना जारी करने का माह
01/2025	सहायक लोको पायलट	9,970	मार्च, 2025
02/2025	तकनीशियन	6,238	जून, 2025
03/2025	पैरा मेडिकल कोटियां	434	जुलाई, 2025
04/2025	सेक्शन कंट्रोलर	368	अगस्त, 2025
05/2025	जूनियर इंजीनियर(जेई)/डिपो सामग्री अधीक्षक/रसायन एवं धातुकर्म सहायक	2,585	अक्टूबर, 2025

06/2025	गैर-तकनीकी लोकप्रिय कोटियां (स्नातक)	5,810	अक्टूबर, 2025
07/2025	गैर-तकनीकी लोकप्रिय कोटियां (पूर्व-स्नातक)	3,058	अक्टूबर, 2025
08/2025	पृथक कोटियां	312	दिसम्बर, 2025
09/2025	लेवल-1 पद	22,195	दिसम्बर, 2025
कुल		50,970	

19,595 पदों के लिए प्रथम/एकल चरण के लिए कंप्यूटर आधारित परीक्षाएं (सीबीटी) पूरी कर ली गई है। इसका ब्यौरा निम्नानुसार है:-

परीक्षा	अभ्यर्थी	शहर	भाषाएं
सहायक लोको पायलट के पद (9970 रिक्तियां) हेतु प्रथम चरण सीबीटी	10,03,719	141	15
सेक्शन कंट्रोलर के पद (368 रिक्तियां) हेतु सीबीटी	4,33,748	131	15
जे.ई./डीएमएस/सीएमए के पद (2585 रिक्तियां) हेतु प्रथम चरण सीबीटी	5,74,351	133	15
तकनीशियन के पद हेतु सीबीटी (6238 रिक्तियां)	8,41,525	117	15
पैरामेडिकल कोटियों के पद हेतु सीबीटी (434 रिक्तियां)	3,19,396	106	15
कुल अभ्यर्थी	31,72,739		

इसके अलावा, वर्ष 2026 के लिए सहायक लोको पायलटों की 11,127 रिक्तियां मार्च 2026 में अधिसूचित की गई हैं।

इसके अलावा, कर्मचारियों से प्राप्त शिकायतों/अभ्यावेदनों की जांच की जाती है और समस्याओं का समाधान करने के लिए तुरंत आवश्यक कार्रवाई की जाती है। लोको पायलटों से प्राप्त शिकायतों की नियमित रूप से जांच की जाती है ताकि समस्याओं का समाधान किया जा सके और लोको पायलटों को फीडबैक दिया जा सके।

हाल ही में महंगाई भत्ता 50% तक बढ़ने के परिणामस्वरूप रनिंग कर्मचारियों के लिए दिनांक 01.01.2024 से किलोमीटर भत्तों (केएमए) और किलोमीटर भत्तों के स्थान पर भत्तों (एएलके) की दरों में वृद्धि की गई है।

लोको पायलटों के कार्य के घंटों को कार्य के घंटे और विश्राम की अवधि नियमावली (एचओईआर) द्वारा शासित किया जाता है, जिसके अनुसार लोको रनिंग कर्मियों को एक पखवाड़े में 104 घंटे कार्य करना आवश्यक है। लोको पायलटों के कार्य के घंटों की सावधानीपूर्वक निगरानी की जाती है। अत्यावश्यकताओं को छोड़कर कार्य के घंटे बनाए रखे जाते हैं।

रनिंग कक्षों में मुहैया कराए जा रहे भोजन की गुणवत्ता और स्वच्छता तथा अन्य सुविधाओं को वरिष्ठ स्तर पर नियमित निरीक्षण के माध्यम से सुनिश्चित किया जाता है।

कार्य स्थितियों में सुधार करने के लिए और लोको रनिंग कर्मियों को पर्याप्त गुणवत्तापूर्ण विश्राम सुनिश्चित करने के लिए कई उपाय किए गए हैं, जो कि निम्नानुसार हैं :-

- सभी रनिंग रूम वातानुकूलित किए गए हैं।
- रनिंग कर्मियों के लिए योग और ध्यान कक्ष, समाचार पत्र और पत्रिकाओं के साथ वाचनालय मुहैया कराए गए हैं ताकि वे अपनी आवश्यकताओं के अनुसार विश्राम कर सकें।
- रनिंग कक्षों में उच्च गुणवत्ता वाले रियायती भोजन का प्रावधान किया गया है।
- रनिंग कक्षों में आरओ वॉटर फिल्टर की उपलब्धता।
- रनिंग कर्मियों के मनोबल और आत्मविश्वास को बढ़ाने के लिए नियमित रूप से विशेष अभियान चलाए जाते हैं।

*****